यूटीयू के कुलपति ने किया संस्थानों का सरप्राइज विजिट

अमर हिंदुस्तान

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल यूटीयू के कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने बुधवार को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थान लिब्रा कॉलेज ऑफ लॉ और किंगस्टन कॉलेज ऑफ फार्मेसी तथा बीहाईव कॉलेज ऑफ इंजीनिरिंग व तदोरान्त गुरूनानक कॉलेज ऑफ फार्मेसी का औचक एकैडमिक निरीक्षण किया गया। विश्वविद्यालय का एकैडमिक सत्र जो कि 16 अगस्त से शुरू हो चुका हैं। इसी के दृष्टिगत रखते हुए सिंह द्वारा आज सबसे पहले लिब्रा कॉलेज ऑफ लॉ जहां एलएलएम पाठ्यक्रम संचालित होता हैं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कक्षाओं का संचालन

अद्यतन प्रारम्भ नहीं होने की जानकारी पायी गयी। उक्त संस्थान में शतप्रतिशत छात्रों की अनुपस्थिति को देख कुलपति ने सख्त नाराजी व्यक्त करते हुए संस्थान के खिलाफ विधिक कार्यवाही करने चेतावनी दी है। उसी के क्रम में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुरूप कक्षाएं संचालित नहीं करने के सन्दर्भ में संस्थान को नोटिस जारी किया गया है जिसमें दो दिन के अन्दर स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं कुलपति द्वारा किंगस्टन कॉलेज ऑफ फार्मेसी का भी शैक्षणिक निरीक्षण किया।